तो संविधान की धज्जियां उड़ जाएंगी । मैडम, मंत्री महोदय को आदेश दें कि हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में आना चाहिए । आपसे हमारा यह अनुरोध है ।

उपसभापति : यह बात इससे पहले भी सदन में उठी है कि पेपर्स या जो भी रिपोर्ट हो वह हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में हो । मैं मंत्री जी से कहूंगी कि आयन्दा इस बात का ख्याल रखें ... (**व्यवधान**)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : पहले भी आपने ऐसा कहा था । (**व्यवधान**)

श्री दिग्विजय सिंह (बिहार) : दूसरी तीसरी बार यह काम हो रहा है । .... (**व्यवधान**)

उपसभापति : संवैधानिक आवश्यकता की पूर्ति उन्हें करना चाहिए और अगर नहीं की है तो वे करेंगे । .... (**व्यवधान**)

PAPERS LAID ON THE TABLE

Notification of the Ministry of Communications

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI RAJESH PILOT) : Madam, I lay on the Table a copy (in English) of the Ministry of Communications (Department of Telecommunications) Notification G.S.R. No. 730(E), dated the 19th August, 1992, publishing the Corrigendum to Notification G.S.R. No. 587(E), dated the 10th June, 1992.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : इस बारे में मंत्री जी बताएं । ... (**व्यवधान**) रीजन तो बताइए ।

उपसभापति : मंत्री जी, क्या बात हो गई । ... (**व्यवधान**) छपी नहीं होगी ।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : (महाराष्ट्र) : ... (**व्यवधान**) मगर सदन में हमेशा अंग्रेजी में ही रखी जाती है । मैं राजभाषा समिति के संयोजक के नाते इसका समर्थन करता हूं । .... (**व्यवधान**)

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार) : संवैधानिक परम्परा के अनुसार कोई भी कागज जो सदन के पटल पर रखा जाएगा तो द्विभाषी होगा । आप जानते ही हैं, कहने की जरूरत नहीं है, क्यों ऐसा हुआ और अगर आपको मजबूरी आ गई कि या यह आपके विभाग या किसी की गलती से ऐसा हुआ तो पहले यह स्पष्टीकरण किया जाए । .... (**व्यवधान**)

THE DEPUTY CHAIRMAN : Jadhav Ji, I know you are in the House.

प्लीज, जरा बैठिए एक मिनट । पायलट साहब, ध्यान दीजिएगा कि आप अपने मंत्रालय को बोलें कि यह संवैधानिक आवश्यकता है, उसको पूरा करना चाहिए । आयन्दा से इस तरह की गलती नहीं होगी ।

I. Reports (1991-92) of various Banks and related papers.

II. Notifications of the Ministry of Finance.

III. Result of the Twenty-Second valuation of the Life Insurance Corporation of India.

IV. Notifications of the Ministry of Finance (Department of Revenue).

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI SHANTARAM POTDUKHE) : Madam, I lay on the Table :—

I. (A) A copy each (in English and Hindi) of the Annual Reports on the working and activities of the following Banks, for the year 1991-92, together with the Accounts and the Auditors' Reports thereon, under sub-section (8) of section 10 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 :—

(1) Punjab National Bank

(2) Indian Overseas Bank

(B) A copy each (in English and Hindi) of the Annual Reports on the working and activities of the following Banks for the year 1991-92, together with the